Total Pages : 4

KN-158

B.Sc. (Part-III) Examination, 2022

(New Course)

HOME SCIENCE

(Foundation Course)

(Hindi Bhasha)

[First Paper]

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 75

Minimum Pass Marks : 25

निर्देश : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अंक प्रश्नों के समक्ष अंकित हैं।

1. (क) कथन की शैली से क्या अभिप्राय है? विवरणात्मक शैली को उदाहरण सहित समझाइए। [8]

अथवा

मूल्यांकन शैली की विशेषताएँ बताते हुए विज्ञान, वाणिज्य और कला विषय में उसके प्रयोग को उदाहरण सहित समझाइए।

(ख) भारत माता कविता के प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए। [7]

अथवा

'भारत माता कविता पराधीन भारत की पीड़ा और संघर्ष की अभिव्यक्ति है।' इस कथन की समीक्षा कीजिए।

2. (क) 'सूखी डाली एकांकी संयुक्त परिवार के प्रति मोह की अभिव्यक्ति है।' इस कथन की समीक्षा कीजिए। [8]

अथवा

सूखी डाली एकांकी का सारांश लिखिए।

(ख) विधि सूचक संरचना और कालबोधक संरचना को उदाहरण सहित समझाइए। [7]

अथवा

कार्य-कारण सम्बन्ध संरचना और विनम्रता सूचक संरचना पर प्रकाश डालिए।

3. (क) वसीयत कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। [8]

अथवा

कहानी कला की दृष्टि से वसीयत कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ख) कार्यालयीन पत्र किसे कहते हैं? परिपत्र को उदाहरण सहित समझाइए। [7]

अथवा

आदेश व अधिसूचना को उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

4. (क) स्रोत भाषा और लक्ष्य भाषा को परिभाषित करते हुए अच्छे अनुवाद की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। [8]

अथवा

अनुवाद की परिभाषा एवं स्वरूप को स्पष्ट करते हुए एक अच्छे अनुवादक की विशेषताएँ लिखिए।

(ख) 'योग की शक्ति' निबंध में व्यक्त विचारों पर प्रकाश डालिए। [7]

अथवा

'योग की शक्ति' निबंध का मूल्यांकन कीजिए।

5. (क) 'सांस्कृतिक विविधता मानव की विवशता नहीं, वरन विशेषता है।' इस कथन की समीक्षा कीजिए। [8]

अथवा

संस्कृति और राष्ट्रीय एकीकरण निबंध का सारांश लिखिए।

(ख) महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। [7]

अथवा

महाविद्यालय में 'युवा उत्सव' कार्यक्रम हेतु आमंत्रण पत्र तैयार कीजिए।

----x----